धुधमारस गाँव

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

चर्चा में क्यों?

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के एक गाँव धुधमारस को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा **ग्रामीण विकास के लिये संयुक्त राष्ट्र पर्यटन कार्यक्रम (UNTRDP)** के तहत **सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव उन्नयन कार्यक्रम (BTVUP)** में भाग लेने के लिये चुना गया है।

- यह मान्यता पारिस्थितिकी पर्यटन और सतत् विकास के केंद्र के रूप में इसकी क्षमता को दर्शाती है।

धुधमारस गाँव के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **अवस्थिति: कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान (KVNP)** में स्थित धुधमारस घने वनों, **कांगेर नदी** और समृद्ध जैवविविधता से घिरा हुआ है, जो इसे एक प्रमुख पारिस्थितिकी पर्यटन स्थल बनाता है।
  - **KVNP का नाम कांगेर नदी** के नाम पर रखा गया है, जो इसके बीच से बहती है। इसे **1982 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।**
  - KVNP में तीन उल्लेखनीय गुफाएँ हैं - **कुटुंबसर, कैलाश और दंडक,** जो अपने **स्टैलेग्माइट्स** (खनिज संरचनाएँ जो गुफा के तल से निकलती हैं) और **स्टैलेक्टाइट्स** (खनिज संरचनाएँ जो गुफा की छत से लटकती हैं)।
  - उद्यान में **साल, सागौन और बाँस** की बहुतायत है, जो एक **नम पर्णपाती वन** का निर्माण करते हैं।
- **सांस्कृतिक महत्त्व:** धुधमारस, धुरवा जनजाति का घर है, जो आगंतुकों को आवास, पारंपरिक भोजन और निर्देशित पर्यटन के माध्यम से प्रामाणिक आदिवासी जीवन का अनुभव करने का अवसर प्रदान करता है।
  - गोंड जनजाति का हिस्सा धुरवा जनजाति, **गोंड बोली** पारजी बोलती है। उनकी जीवनशैली प्रकृति से बहुत जुड़ी हुई है, वे जीविका के लिये वनों और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं।
- **मान्यता और समर्थन:** BTVUP के तहत UNWTO की पहल के एक भाग के रूप में, धुधमारों को अब **आर्थिक स्थिरता, पर्यावरणीय स्थिरता और पर्यटन विकास जैसे क्षेत्रों को बढ़ाने के लिये सहायता प्राप्त होगी,** जिससे दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित होगा।

ग्रामीण विकास के लिये संयुक्त राष्ट्र पर्यटन कार्यक्रम क्या है?

- **परिचय:** UNTRDP पर्यटन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में **विकास, समावेशन और नवाचार** को बढ़ावा देता है, जिसका उद्देश्य जनसंख्या ह्रास से निपटना और सतत् प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है।
- **मूल्याँकन मानदंड:** कार्यक्रम में भाग लेने वाले गाँवों का **मूल्याँकन नौ प्रमुख क्षेत्रों** के अंतर्गत किया जाता है, जिनमें सांस्कृतिक और प्राकृतिक संसाधन, आर्थिक और सामाजिक स्थिरता, पर्यटन विकास और बुनियादी ढाँचा आदि शामिल हैं।
  - यह मूल्याँकन सुनिश्चित करता है कि चयनित गाँव **स्थिरता, समावेशिता और शासन** के मानकों को पूरा करते हैं।
- **UNTRDP के तीन स्तंभ:**
  - **संयुक्त राष्ट्र पर्यटन द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव: ग्रामीण पर्यटन स्थलों को उनकी सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपत्तियों, सामुदायिक मूल्यों और नवाचार एवं स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के लिये मान्यता दी जाती है।**
  - **BTVUP:** सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव की मान्यता के लिये आवेदनों की प्रक्रिया को तेज़ करने के लिये कमज़ोर क्षेत्रों को सुधारने में गाँवों की सहायता करता है।
  - **सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव नेटवर्क:** ग्रामीण पर्यटन में सर्वोत्तम प्रथाओं पर अनुभव साझा करने और सहयोग करने के लिये एक मंच प्रदान करता है, विशेषज्ञों, समुदायों और हितधारकों को जोड़ता है।

संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन

- वर्ष 1975 में स्थापित और **मैड्रिड, स्पेन** में मुख्यालय वाला UNWTO ज़िम्मेदार, सतत् और सुलभ पर्यटन को बढ़ावा देता है।
- **भारत सहित इसके 159 सदस्य देश हैं,** यह पर्यटन नीति के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, पर्यटन के लिये वैश्विक आचार संहिता की वकालत करता है, तथा पर्यटन को सतत् विकास के 2030 एजेंडे के साथ संरेखित करता है।

- [सतत् विकास लक्ष्यों (SDG)](#) **का लक्ष्य 8.9** सतत् पर्यटन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है जो रोज़गार सृजित करता है और स्थानीय संस्कृति और उत्पादों को संरक्षित करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dhudmaras-village